Second Day of Annual Camp

NSS Dinesh 12 Dec, 2022

दिनांक 12 दिसंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय सराहां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय विशिष्ट शिविर का आज दूसरा दिन था। सुबह के सत्र में स्वयंसेवियों ने सभागार व उसके आंगन की सफाई की। उसके बाद कमरा नंबर 24 और 25 में चुनाव के समय शिफ्ट किए गए डेस्को को वापिस सभागार में पहुंचाया तथा यथावत स्थान पर रखा। दोपहर 12:30 बजे तक यह कार्य संपूर्ण कर लिया गया। दोपहर के खाने के बाद दूसरे सत्र में राज्य सहकारी बैंक से आए कार्यकारी सहायक श्री अजय राम ने "Modern Banking Facilities " विषय पर व्याख्यान दिया। इस सत्र में 11 दिसंबर के कार्यों पर स्वयंसेवी रितेश द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा Resource Person का धन्यवाद किया गया। उसके बाद स्वयंसेवियों ने मार्च पास्ट की ड्रिल की तथा मनोरंजनातमक गतिविधियों के तहत चाटी तोड़ खेल का आनंद लिया। अंत में प्राणायाम की क्रिया के साथ दोपहर बाद के सत्र का समापन किया गया।